प्रेस नोट थाना चौरी-चौरा जनपद गोरखपुर दिनांक 25.06.2025

हत्या का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त आला कत्ल 01 अदद कुल्हाड़ी बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी चौरी- चौरा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक चौरी-चौरा मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 337/25 धारा 103(1), 191(2), 191(3), 190, 352, 351(2), 351(3) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त धर्मेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया गया। कब्जे से घटना में प्रयुक्त आला कत्ल 01 अदद कुल्हाड़ी बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण--

दिनांक 16.06.2025 को मृतक के पुत्र धर्मेन्द्र यादव द्वारा थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया गया था कि गांव के कुछ लोगों द्वारा जमीन विवाद को लेकर उसके पिता की हत्या कर दी गयी, जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

विवेचना के क्रम में यह तथ्य ज्ञात हुआ कि धर्मेन्द्र यादव ने ही अपने पिता की हत्या की थी। पूछताछ के क्रम में धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि उसकी पत्नी की तबियत खराब रहती है। वह काफी दिन से घर पर ही रह रहा था। उसके पिता द्वारा बाहर जाकर पैसे कमाने हेतु डांटा फटकारा जा रहा था, जिस बात से नाराज होकर उसने कुल्हाड़ी से मारकर अपने पिता की हत्या कर दी और खुद वादी बनकर गांव के ही अन्य लोगों के विरुद्ध हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना स्थानीय पर प्रार्थना दिया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

धर्मेन्द्र यादव पुत्र स्व0 राजेन्द्र यादव निवासी बिलारी टोला शीतल बावली थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 337/25 धारा 103(1), 191(2), 191(3), 190, 352, 351(2), 351(3) बीएनएस थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

घटना में प्रयुक्त आला कत्ल 01 अदद कुल्हाड़ी

गिरफ्तारी की टीम-

1. प्र0नि0 वेद प्रकाश शर्मा थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 कृष्ण कुमार सिंह थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 अनीश सिंह थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर
4. उ0नि0 रजनीश मिश्रा थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर
5. उ0नि0 अभिषेक यादव थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर
6. कां0 आजाद अली थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर
7. कां0 विकाश सिंह थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर
8. कां0 हेमन्त थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर
9. म0कां0 शाहीन परवीन थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर